दिनांक 20 नवंबर 2020

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

महिलाओं को चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने दाई-दीदी क्लीनिक प्रारंभ , महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने शिविर में पहुंचकर लिया जायजा , महिलाओं से मिलकर पूछा उनका कुशलक्षेप

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत महिलाओं को चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने दाई-दीदी क्लीनिक के माध्यम से महिला चिकित्सा स्टॉफ ने सेक्टर 6 के स्लम क्षेत्र में पहुंचकर शिविर का आयोजन किया! माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा दाई-दीदी क्लीनिक का शुभारंभ करने के बाद आज से भिलाई की महिलाओं को इसका स्वास्थ्य लाभ देना प्रारंभ कर दिया गया है! महापौर एवं भिलाई नगर विधायक श्री देवेंद्र यादव आज शिविर स्थल पर पहुंचे! वहां उन्होंने स्वास्थ्य परीक्षण एवं इलाज कराने आए हुए महिलाओं से उनके कुशलक्षेप के बारे में पूछा और शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की! अधिकारियों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों को शिविर स्थल के बारे में पूर्व से जानकारी अवश्य देवें! ताकि इस योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों एवं महिलाओं तक पहुंच सके! उन्होंने कहा कि परीक्षण एवं इलाज अब महिला चिकित्सक द्वारा किए जाने पर नि:संकोच महिलाएं आगे आएंगी और रोग मुक्त रहेंगी! महिलाओं के मुफ्त इलाज के लिए विशेष तौर पर दाई-दीदी क्लीनिक को मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना में शामिल किया गया है! जहां पर महिला चिकित्सक से क्षेत्र की महिलाएं बेझिझक स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर पाएंगी! इस क्लीनिक में 41 प्रकार की जांच सुविधा उपलब्ध है! महिला चिकित्सक की टीम में महिला फार्मेसिस्ट , महिला नर्स, महिला डॉक्टर उपस्थित रहकर महिलाओं को स्वास्थ्य लाभ दे रहे हैं! आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने स्वास्थ्य शिविर स्थल पर बेहतर व्यवस्था बनाने के लिए निर्देश जोन के अधिकारियों को दिए हैं! महिलाएं प्रातः 8:00 बजे से 3:00 बजे तक पहुंचकर दाई-दीदी क्लीनिक में स्वास्थ्य परीक्षण करा सकती है!

जनसंपर्क अधिकारी